	कुल सीएफआई व्यय	**1,39,60.22**	**50,29.46 ***	**2,72.57**	**1,92,62.25**

* सम्मिलित है।

(1) पूंजीगत व्यय ₹ 35,42.09 करोड़

(2) राज्य सरकार का आन्तरिक ऋण ₹ 14,58.74 करोड़

(3) केन्द्र सरकार से ऋण और अग्रिम ₹ 28.63 करोड़

4. व्यय का विवरण (समेकित निधि)			
ब. व्यय का स्वरूप			
(करोड़ ₹ में)			
	2012–13		
	राजस्व	पूंजीगत	योग
वेतन	33,76.62	...	33,76.62
सहायता/अंशदान/राज्य सहायता	21,31.72	3.11	21,34.83
महंगाई भत्ता	20,97.07	...	20,97.07
ब्याज/लभांश	20,88.73	...	20,88.73
पेंशन/मुआवजा	13,38.64	...	13,38.64
वेतन/भत्ता आदि के लिए अनुदान का सहायता	5,41.25	...	5,41.25
निवेश/ऋण	...	533.27	533.27
अन्य खर्च	5,01.09	...	5,01.09
पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए अनुदान सहायता	...	433.05	433.05
अन्य भत्ता	3,60.87	...	3,60.87
रखरखाव	1,66.12	1.57	1,67.69
उपादान	1,63.23	...	1,63.23
छात्रवृत्तियां और छात्र वेतन	1,51.73	...	1,51.73
अर्न्तलेखा संक्रमण	1,45.34	...	1,45.34
वृहत निर्माण कार्य	1,25.96	20,12.55	21,38.51
मानदेय	1,17.38		1,17.38
मजदूरी	95.74	...	95.74
व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	67.28	...	67.28
विद्युत देय	55.80	...	55.80
यात्रा व्यय	47.17	...	47.17
सामग्री और आपूर्ति	46.38	5,20.93	5,67.31
उपकरण और संयंत्र	43.78	0.53	44.31
गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	37.17	...	37.17
विज्ञापन और बिक्री व्यय	34.54	...	34.54
अन्य व्यय	...	32.82	32.82

4. व्यय का विवरण (समेकित निधि)					
ब. व्यय का स्वरूप					
(करोड़ ₹ में)					
2011–12			2010–11		
राजस्व	पूंजीगत	योग	राजस्व	पूंजीगत	योग
33,89.51		33,89.51	33,93.15		33,93.15
17,76.75	1.20	17,77.95	19,20.49	1.79	19,22.28
16,12.92		16,12.92	10,96.11	--	10,96.11
17,69.21		17,69.21	14,79.58	--	14,79.58
11,32.52		11,32.52	11,53.96	--	11,53.96
4,67.03		4,67.03	4,63.58	...	4,63.58
...	44.78	44.78	0.00	53.78	53.78
15,73.00	51.52	16,24.52	7,10.68	35.80	7,46.48
...	...	...	...	...	...
3,30.82	...	3,30.82	2,93.66	...	2,93.66
1,28.03	0.90	1,28.93	73.27	0.65	73.92
2,19.67	...	2,19.67	43.49	...	43.49
1,36.97	...	1,36.97	1,23.05	...	1,23.05
1,24.17	...	1,24.17	1,28.05	...	1,28.05
1,47.40	16,99.85	18,47.25	1,36.55	17,64.18	19,00.73
1,16.29		1,16.29	64.98	...	64.98
1,33.74		1,33.74	89.30	...	89.30
52.44		52.44	40.11	--	40.11
41.52		41.52	42.71	...	42.71
43.61		43.61	43.78	--	43.78
68.61	2,38.58	3,07.19	49.83	-16.25	33.58
47.36	1.25	48.61	42.56	2.98	45.54
32.11	...	32.11	31.00	--	31.00
27.73	...	27.73	20.26	...	20.26
...	...	...	...	...	...

4. व्यय का विवरण (समेकित निधि)			
ब. व्यय का स्वरूप			
(करोड़ ₹ में)			
	2012-13		
	राजस्व	पूंजीगत	योग
औषिधि तथा रसायन	30.76	...	30.76
कार्यालय व्यय	29.96	...	29.96
लघु निर्माण कार्य	27.35	1.72	29.07
चिकित्सा प्रतिपूर्ति	24.98	...	24.98
प्रशिक्षण पर व्यय	19.11	0.13	19.24
लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	12.89	...	12.89
कार्यालय के लिए कार की खरीद	12.74	...	12.74
कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	11.14	0.05	11.19
किराया एवं शुल्क	10.22	...	10.22
भोजन पर व्यय	10.02	...	10.02
कंप्युटर आदि खरीद पर व्यय	9.03	...	9.03
कंप्यूटर का रखरखाव	7.61	...	7.61
टेलिफोन व्यय	5.81	...	5.81
स्थानान्तरण यात्रा पर व्यय	4.69	...	4.69
पानी दर एवं टैक्स	3.88	...	3.88
अतिथि भत्ता	2.80	...	2.80
प्रकाशन	2.42	...	2.42
गुप्त सेवा व्यय	1.19	...	1.19
छुट्टी यात्रा व्यय	0.84	...	0.84
उच्चन्त	0.70	2.36	3.06
औषधालय से सम्बंधी आवश्यक सज्जा	0.08		0.08
महंगाई वेतन	0.01	...	0.01
चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	...	...	...
वसूलिया/सिविल जमा राशि से घटाना	(-) 1.62	...	(-) 1.62
अन्य	...	...	...
योग	**1,39,60.22**	**35,42.09**	**1,75,02.31**

4. व्यय का विवरण (समेकित निधि)					
ब. व्यय का स्वरूप					
(करोड़ ₹ में)					
2011-12			2010-11		
राजस्व	पूंजीगत	योग	राजस्व	पूंजीगत	योग
27.04	…	27.04	24.91	…	24.91
34.90	…	34.90	29.09	…	29.09
19.50	1.78	21.28	25.12	1.07	26.19
	…	…	…	…	…
8.22	…	8.22	…	…	…
10.31	…	10.31	10.31	…	10.31
4.77	…	4.77	7.32	…	7.32
5.62	0.14	5.76	9.15	0.06	9.21
9.69	…	9.69	…	…	…
8.60	…	8.60	…	…	…
8.01	…	8.01	…	…	…
7.06	…	7.06	…	…	…
5.71	…	5.71	…	…	…
4.17	…	4.17	…	…	…
2.95	…	2.95	…	…	…
2.99	…	2.99	…	…	…
2.90	…	2.90	…	…	…
1.35	…	1.35	…	…	…
0.53	…	0.53	…	…	…
…	…	…	…	…	…
…	…	…	…	…	…
0.10	…	0.10	0.88	…	0.88
16.76	…	16.76	13.16	…	13.16
(-) 5,77.42	2,76.94	(-) 3,00.48	…	…	…
0.02	…	0.02	60.98	10.78	71.76
1,29,75.19	**23,16.94**	**1,52,92.13**	**1,16,21.07**	**18,54.84**	**1,34,75.91**

लेखों पर टिप्पणियां

1. **महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांशः–**

(i) अस्तित्व एवं लेखांकन अवधिः–

ये लेखे उत्तराखण्ड सरकार के 01 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2013 तक की अवधि के लेनदेनों को प्रदर्शित करते हैं। कोषागारों, लोक निर्माण, वन प्रखण्डों एवं भारतीय रिजर्व बैंक की एडवाईज के माध्यम से प्राप्त प्रारम्भिक लेखों के आधार पर उत्तराखण्ड सरकार के प्राप्ति एवं व्यय के लेखे संकलित किए गए हैं। मासिक लेखों की प्राप्ति में विलम्ब नगण्य है एवं वर्ष के अन्त में कोई भी लेखा अपवर्जित नहीं किया गया है।

(ii) लेखों का आधारः कुछ पुस्तकीय समायोजनों के साथ, (अनुलग्नक "अ") ये लेखे लेखा अवधि के दौरान वास्तविक नकद प्राप्तियों एवं संवितरणों को प्रदर्शित करते हैं। भौतिक परिसम्पत्तियों एंव वित्तीय परिसम्पतियों जैसे कि सरकार के निवेशों अर्थात अधिग्रहण/ क्रय वर्ष में कीमत आदि को परंम्परागत लागत के आधार पर मूल्यांकित किया जाता है । भौतिक सम्पत्तियों को ह्रासित या अवमूल्यित नहीं किया जाता है। भौतिक सम्पत्तियों की हानियों को इनकी समय सीमा समाप्ति पर मूल्यांकन नहीं किया जाता।

सरकार के पेंशन दायित्व जो कि उसके कर्मचारियों के पूर्व तथा वर्तमान सेवाओं के सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित हैं, को लेखे में नहीं लिया जाता है। यद्यपि, सेवानिवृत्ति लाभ जो कि लेखे के दौरान वितरित किए गए हैं, लेखे में प्रदर्शित किए जाते है। (विवरण संख्या 12)

(iii) मुद्रा जिसमें लेखे रखे जाते हैः सरकार के लेखे भारतीय रुपयों में प्रदर्शित किए जाते हैं।

(iv) लेखों का स्वरूपः संविधान के अनुच्छेद, 150 के अन्तर्गत संघ एवं राज्यों के लेखे ऐसे प्रारूप में जैसे कि भारत के नियन्त्रक–महालेखापरीक्षक की सलाह पर राष्ट्रपति निर्धारित करे, रखे जाते हैं। अनुच्छेद, 150 में प्रयुक्त शब्द "प्रारूप" (form) का एक विशिष्ट तात्पर्य है जिसके अन्तर्गत न केवल विस्तृत स्वरूप, जिनमें लेखे रखे जाते हैं, बल्कि लेनदेनों के वर्गीकरण हेतु उपयुक्त शीर्षो का चुनाव भी शामिल है।

(v) राजस्व एवं पूंजीगत के मध्य वर्गीकरणः राजस्व व्यय आवृतक प्रकृति के होते हैं जिनको राजस्व प्राप्ति से पूरित आशापित हैं। पूंजीगत परिव्यय स्थायी प्रकार की परिसम्पतियों को बढ़ाए जाने के उद्देश्य से किए जाने वाले व्यय के रूप में परिभाषित हैं। सहायक अनुदानों के व्यय को अनुदान दाता के लेखे में राजस्व व्यय के रूप में अभिलिखित किया जाता है। प्राप्त कर्ता के लेखों में इसको राजस्व प्राप्ति के रूप में लिया जाता है।

संविधान के अनुच्छेद 150 के अन्तर्गत लेखों के स्वरूप पर सलाह देने की भारत के नियन्त्रक–महालेखा परीक्षा की शक्तियों का राज्यों द्वारा प्रयोग नहीं किया जा सकता। हालांकि उत्तराखण्ड सरकार ने प्रधान महालेखाकार (ले0 एवं हक0) की सलाह के बिना, जिन्हे कि नियन्त्रक–महालेखापरीक्षक ने यह शक्ति प्रत्यायोजित की है, पूंजीगत सम्पत्तियों के सृजन हेतु मुख्य शीर्षो के अन्तर्गत अनुदानों के आवंटन के लिए एक पृथक वस्तुगत शीर्ष खोला है। यह भारत सरकार द्वारा अधिसूचित इण्डियन गवर्नमेन्ट एकाउन्टिग स्टैन्डर्ड (आई0जी0ए0एस0)–2 के प्रतिकूल है जिसमें यह उल्लिखित है कि सम्पत्तियों के सृजन के लिए सहायक अनुदानों पर व्यय जब तक राष्ट्रपति द्वारा भारत के नियन्त्रक–महालेखापरीक्षक से परामर्श से अन्यथा विशिष्ट रूप से अधिकृत न किया जाए, सरकार के वित्तीय विवरण में पूंजीगत शीर्ष को डेबिट किया जाएगा। वर्ष 2012–13 के दौरान उत्तराखण्ड सरकार ने 433.07

करोड़ के पूंजीगत सम्पत्तियों के सृजन हेतु सहायक अनुदान को पूंजीगत शीर्ष में पुस्तांकित किया जिसके कारण इस सीमा तक राजस्व आधिक्य में वृद्धि हुई।

आई0 जी0 ए0 एस0–2 की एक आवश्यकता है कि पण्य के रूप में दिए गये अनुदान को दर्शाना चाहिए परन्तु , इस संबन्ध में राज्य सरकार से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

2. बारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर विवरण/सूचनाएं समाहित करने की स्थिति:– वारहवें वित्त आयोग द्वारा वांछित निम्नलिखित सूचनाएं वित्त लेखे में सम्मिलित नहीं की गई है। उक्त के कारण निम्नानुसार हैः–

(अ) राज्य सरकार से सूचना के अभाव में स्वीकार्य दायित्वों से संबन्धित सूचना वित्त लेखे में परिशिष्ट के रूप में नहीं दर्शाई जा सकी है।

(ब) चूंकि पंचायती राज संस्थाओं के कर्मचारियों का वेतन लेखे में पृथक रूप से अभिग्रहण नहीं किया जा सकता अतः परिशिष्ट–II के विवरण–2 में ''वेतन'' मद के अन्तर्गत उल्लिखित वेतन केवल राज्य क्षेत्र को दर्शाता है।

(स) परिशिष्ट–III मे केवल स्पष्ट सबसिडी का विवरण दिया गया है।

(द) परिशिष्ट–XI अनुरक्षण व्यय, वेतन मद को नहीं दर्शाता है, क्योंकि यह लेखे में अभिग्रहण नहीं होता है।

3. लेखो की गुणवत्ताः–

(i) लघुशीर्ष 800–'अन्य प्राप्तियां एवं' अन्य व्यय के अन्तर्गत पुस्तांकनः लघुशीर्ष 800–'अन्य प्राप्तियां एवं 'अन्य व्यय' तभी खोला जाना चाहिए जब लेखे में समुचित लघुशीर्ष का उल्लेख न किया गया हो। लघु शीर्ष 800 का सामान्य परिचालन हतोत्साहित किया जायेगा क्योंकि यह लेखे को अपारदर्शी करता है। 39 मुख्य लेखाशीर्षों के अन्तर्गत ₹ 858.18 करोड़ कुल राजस्व व्यय का 6.15 प्रतिशत, को लघुशीर्ष 800 'अन्य व्यय' के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है। इसी प्रकार अड़तीस (38) मुख्य लेखा शीर्ष जो कि सरकार के क्रिया कलापों को प्रदर्शित करते हैं के अन्तर्गत ₹ 24,62.87 करोड जो कुल प्राप्ति का 15.64 प्रतिशत है को लघुशीर्ष–800 'अन्य प्राप्तियां'' अंकित कर लेखांकित किया गया है। ऐसे उदाहरण जहॉ पर कि प्राप्ति एवं व्यय का एक ठोस अनुपात (50 प्रतिशत और अधिक) को लघु शीर्ष 800 के अन्तर्गत किया गया है परिशिष्ट ''ब(i) और ब(ii)'' में सूचीबद्ध किया गया है।

(ii) प्राप्तियों एवं व्यय का मिलानः

उत्तराखण्ड बजट मैनुअल का पैरा 109 के अनुसार यह आवश्यक है कि सरकार के प्राप्ति एवं व्यय के आंकड़ों का प्रधान महालेखाकार (ले0 एवं ह0) के आंकड़ों से मिलान किया जाए। लेकिन यह मिलान कार्य 62 नियन्त्रण अधिकारियों में से 55 द्वारा (89 प्रतिशत) द्वारा ही पूर्ण किया गया है। राज्य सरकार के वर्ष 2012–13 के कुल व्यय ₹ 1,75,02.31 करोड़ (राजस्व एवं पूंजीगत) के सापेक्ष ₹ 76,35.71 करोड़ (व्यय का 44 प्रतिशत) का ही मिलान किया गया है इसी प्रकार, 48 नियन्त्रण अधिकारियों में से 32 (67 प्रतिशत) ने राजस्व प्राप्ति ₹ 86,99.30 करोड़ (कुल राजस्व ₹ 1,57,47.22 करोड़ का 55 प्रतिशत) का ही मिलान किया है। लेखों का मिलान न किया जाना उनकी शुद्धता एवं पूर्णता को प्रभावित करता है।

(iii) असमायोजित ए0सी0 बिलः

आहरण वितरण अधिकारियों को ए0सी0 बिलों के माध्यम से, संबन्धित सेवा शीर्ष को डेबिट करते हुए धनराशि आहरित करने के लिए अधिकृत किया गया है, उनको चाहिए कि इन सभी मामलों में 30 दिन के अन्तर्गत विस्तृत

आकस्मिक बिल तैयार कर (अन्तिम व्यय के समर्थन में वाउचर संलग्न करते हुए) समायोजन कर दें। मार्च 2013 के अन्त में ₹ 30.43 करोड़ की राशि के दो सौ उन्हत्तर (269) डी0सी0 बिल अभी तक प्रधान महालेखाकार कार्यालय (ले0 एवं हक0) में प्राप्त नहीं हुऐ हैं। लम्बे समय तक डी0 सी0 बिलों को प्रस्तुत न करना ए0 सी0 बिलों के व्यय को अस्पष्टता प्रदान करता है।

वर्ष 2010–11 से 2012–13 तक असमायोजित ए0 सी0 बिलों का विवरण निम्नवत् है–

(करोड़ ₹ में)

वर्ष	आहरित ए0सी बिल		प्रस्तुत डी0सी0 बिल		असमायोजित डी0सी0 बिल	
	संख्या	धनराशि	संख्या	धनराशि	संख्या	धनराशि
2010-11 तक	797	101.86	672	75.33	125	26.53
2011-12	347	5.44	286	4.40	61	1.04
2012-13	217	3.68	134	0.82	83	2.86
योग	1361	110.98	1092	80.55	269	30.43

वर्ष 2012–13 में आहरित ₹ 3.68 करोड़ के ए0सी0 बिलों में से, ₹ 2.26 करोड की धनराशि के ए0सी0 बिल अकेले माह 2013 में आहरित किए गये थे। मार्च में ए0सी0 बिलों के सापेक्ष अर्थपूर्ण व्यय मुख्यतः बजट का उपयोग करने के लिए था, जो कि अपर्याप्त बजटीय नियन्त्रण को दर्शाता है।

(iv) अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्रः

राज्य सरकार विभिन्न संस्थानों को विभिन्न योजनाओं तथा उद्देश्यो के लिए राज्य सहायता देती है, कुछ प्रकरणों में स्वीकृति में उल्लेख रहता है कि अवमुक्त सहायता का उपयोग प्रमाण पत्र प्रधान महालेखाकार (ले0 एवं हक0) को भेजा जाएगा और प्रधान महालेखाकार (ले0 एवं हक0) से अपेक्षित है कि वह ऐसे उपयोगिता प्रमाण पत्रों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। उपयोगिता प्रमाण पत्र के अभाव में यह सुनिश्चित करना मुश्किल हो जाता है कि राज्य सहायता को उस उद्देश्य के लिए उपयोग किया गया, जिसके लिए यह दिया गया था।

विवरण निम्नानुसार हैः–

वर्ष	लम्बित उपयोगिता प्रमाण पत्रों की संख्या	सम्बद्ध धनराशि (करोड़ ₹ में)
2010-11 तक	386	3,60.75
2011-12	116	1,10.48
2012-13	97	1,46.36
योग	**599**	**6,17.59**

(v) नकदी अवशेषः

31 मार्च 2013 को प्रधान महालेखाकार (ले0 एवं हक0) द्वारा आगणित नकदी अवशेष एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संसूचित अवशेष में ₹ 11.27 करोड़ (डेबिट) का शुद्ध अन्तर है। यह अन्तर बाद में ₹ 0.14 करोड़ (क्रेडिट) के रूप में कम हो गया है, जो कि मिलान प्रक्रिया में है।

4. अन्य मदें:

(i) **सेवानिवृति लाभों पर देयताएंः**

30 सितम्बर 2005 या उससे पूर्व भर्ती किए गये राज्य सरकार के कर्मचारियों के पेंशन एवं अन्य सेवानिवृति लाभों पर वर्ष के दौरान व्यय ₹ 13,65.69 करोड़ (कुल राजस्व व्यय का 9.78 प्रतिशत) था। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड राज्य सरकारों के मध्य पेंशन दावों का विभाजन उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 के सम्बन्ध में, पूर्ण हो चुका है। वर्ष 2012–13 में, उत्तराखण्ड सरकार ने वर्ष 2009–10 तक के अपने पेंशन दावों के आंशिक भुगतान के रूप में ₹ 10,45.98 करोड़ प्राप्त किया। यद्यपि यह वर्ष 2012–13 की राजस्व प्राप्तियों के अन्तर्गत पुस्तांकित कर दिया गया है, यह पूर्व वर्षों के व्यय से सम्बन्धित है, और वर्ष 2012–13 के राजस्व आधिक्य पर इसके प्रभाव को आनुपातिक रूप में दर्शाया जाना हैं। वर्ष 2010–11 तक के पेंशन दावों का विभाजन प्रक्रिया में है, एवं वर्ष 2010–11 से आगे के पेंशनरी दावों के विभाजन का प्रकरण भारत सरकार को सन्दर्भित किया गया है।

01 अक्टूबर 2005 या उससे बाद भर्ती किए गये राज्य सरकार के कर्मचारी न्यू पेंशन स्कीम 2005 के अन्तर्गत आते है जो कि डिफाइन्ड कन्ट्रीब्यूशन स्कीम है। इस स्कीम के अनुसार कर्मचारी अपने मूल वेतन एवं मंहगाई भत्ते का 10 प्रतिशत योगदान देते है, समरूप योगदान राज्य सरकार का होता है और सम्पूर्ण धनराशि अधिकृत निधि प्रबन्धक को नेशनल सिक्योरिटीज डिपोजिटरी लि0 (एन0 एस0 डी0 एल0) के माध्यम से हस्तान्तरित कर दी जाती है। कर्मचारियों द्वारा देय वास्तविक धनराशिएवं उसके समरूप सरकारी योगदान का आकलन नही किया गया है। राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार वर्ष 2012–13 में कर्मचारियों और उनके नियोक्ता द्वारा दिए गये ₹ 1,72.45 करोड़ के योगदान को मुख्य शीर्ष –0071–117–डिफाइन्ड पेंशन कन्ट्रीब्यूशन स्कीम के अन्तर्गत पुस्तांकित किया गया है, जिसमें से ₹ 1,71.62 करोड़ एन0 एस0 डी0 एल0 के हस्तान्तरित किया गया है। एकत्र न किया गया, मैचिंग न किया गया और हस्तान्तरित न की गई धनराशि, अर्जित ब्याज सहित, स्कीम के अन्तर्गत बकाया देयताओं को दर्शाता है।

(ii) **सरकारी लेखों से अलग निधियां** : राज्य सरकार, राज्य/जिला स्तर की स्वायत्तशासी संस्थाओं एवं प्राधिकरणों, सोसाईटी, गैर सरकारी संगठनों आदि को केन्द्र द्वारा संचालित योजनाओं (राज्य का हिस्सा) एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लिए निधि उपलब्ध कराती है। चूंकि निधियों का उपयोग इन कार्यदायी संस्थाओं द्वारा उसी वित्तीय वर्ष में सामान्यतः पूर्ण रूप में नहीं किया जाता है अतः इन कार्यदायी संस्थाओं द्वारा उपयोग में न लायी गई राशि बैंक में अवशेष रहती है। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा उपयोग में नहीं लायी गई सकल राशि जोकि शासकीय खाते से बाहर (बैंक खाते में) रखी जाती है, ज्ञात नहीं है। इस प्रकार सरकारी व्यय जिस सीमा तक लेखे में दर्शाया गया अन्तिम नही है।

इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान, भारत सरकार ने इन कार्यदायी संस्थाओ को ₹ 15,67.57 करोड़ राज्य सरकार के माध्यम से न करके, सीधे हस्तान्तरित किया है। यधपि वहाँ यह आश्वासन नहीं है कि इस प्रकार के हस्तान्तरण का पूर्व विवरण उपलब्ध है, महानियंत्रक लेखा के सेन्ट्रल प्लान स्कीम मोनिटरिंग सिस्टम से लिए गये इस प्रकार के हस्तान्तरण का विवरण परिशिष्ट VII में दिया गया है।

(iii) **उचन्त शेषः** वित्तीय लेखों में उचन्त एवं प्रेषण शीर्षों के निबल शेष दर्शाये जाते है उक्त शीर्षों के असमायोजित शेषों के डेबिट एवं क्रेडिट के सकल शेषों को जोड़कर सम्बन्धित शीर्षों के अन्तर्गत पृथक–पृथक में आगणित कर दर्शाया जाता है। मुख्य शीर्ष उचन्त (मुख्य शीर्ष 8658 के अन्तर्गत) पिछले तीन वर्षों की सकल राशि की स्थिति अनुलग्नक "स" में दी गई है।

(iv) **प्रत्याभूत (गारण्टी):** विवरण सं0 9 में दर्शायी गई प्रत्याभूत राज्य सरकार द्वारा (बजट) उपलब्ध करायी गयी सूचना पर आधारित है, राज्य सरकार ऐसी गारन्टी जारी करने के लिए अधिकृत है। विवरण में दी गई सूचना अपूर्ण है क्योंकि राज्य सरकार ने बकाया प्रत्याभूत के सम्बन्ध में सीमित सूचना प्रदान की है। प्रत्याभूत की अधिकतम राशि की सूचना, वर्ष के दौरान वृद्धि/अपमार्जन/उपभोग की गई/मुक्त की गई/मुक्त न की गई एवं प्रत्याभूत कमीशन आदि की सूचना उलब्ध नही कराई गई।

(v) **ऋण एवं निवेशः** ऋणों एवं निवेश का विवरण जिसका विस्तृत लेखा राज्य सरकार के विभागों द्वारा रखा जाता है, को उस सीमा तक जहॉ तक राज्य सरकार ने अवगत कराया है शामिल किया गया है। राज्य सरकार ने ऋण एवं वसूली जो कि अवशेष है पूर्ण विवरण प्रदान नही किया है। परिणामतः इन लेखों में आई0 जी0 ए0 एस0 3 की आवश्कताओं की पूर्ति नही हुई है।

इसी प्रकार राज्य सरकार ने उनके द्वारा किए गये निवेश के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध नही कराई/पुष्टि नही की । परिणाम स्वरूप वित्त लेखे में शामिल सूचना मुख्यतः पूंजीगत मुख्य शीर्ष के लघु शीर्ष "190–सार्वजनिक उपक्रमों" में निवेश के अन्तर्गत सीमित सूचना पर आधारित है जो कि प्रधान महालेखाकार (ले0 एवं हक0) द्वारा वाउचरों से अभिग्रहण किया गया है।

(vi) **आरक्षित कोषः** राज्य सरकार द्वारा आरक्षित/ डिपाजिट फण्ड और उनके उपभोग के सम्बन्ध में प्रधान महालेखाकार (ले0 एवं हक0) द्वारा किए गये पुस्तकीय समायोजनों का विवरण अनुलग्नक 'अ' में दिया गया है। आरक्षित कोष और इंगित निधि से निवेश का विस्तृत विवरण क्रमशः विवरण संख्या 18 एवं 19 में दिया गया है।

(अ) **समेकित ऋण शोधन निधिः** बारहवें वित्त आयोग द्वारा की गई अनुशंसाओं के सम्बन्ध में, राज्य सरकार ने वर्ष 2006 में समेकित ऋण शोधन निधि की व्यवस्था एवं प्रशासन के लिए अपनी बकाया देयताओ (राज्य सरकार के आन्तरिक डेब्ट और लोक लेखा दायित्व) के मोचन हेतु एक संशोधित योजना बनायी। निधि का संचालन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सरकार द्वारा समय द्वारा समय–समय जारी निर्देशों/ अनुदेशों के अनुसार किया जाता है। सरकार भारतीय रिर्जव बैंक को निधि के एक प्रतिशत टर्नओवर के 1/8 की दर या समय–समय पर पारस्परिक निश्चित किए गये दर पर कमीशन का भुगतान करती है। वर्ष 2012–13 में ₹ 150 करोड़ की धनराशि समेकित निधि से ऋणशोधन निधि में विनियोजित किया गया जो कि 31 मार्च 2013 को बकाया दायित्वों (₹ 2,55,39.88 करोड) के 0.5 प्रतिशत (₹ 128 करोड़) की आवश्यकता से अधिक है। वर्ष 2012–13 के अन्त में कुल संचय ₹ 11,28.00 करोड़ किया। निधि के कुल संचय में से, (₹ 10,53.62 करोड़ की धनराशि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निवेश की गई।

(ब) गारंटी मोचन कोषः बारहवें वित्त आयोग की संस्तुतियों पर उत्तराखण्ड राज्य सरकार ने गारंटी मोचन निधि का गठन किया है। 31 मार्च 2013 तक कुल योगदान ₹ 25 करोड़ तथा इस पर आरक्षित व्याज ₹ 12.38 करोड़ सरकारी प्रतिभूतियों में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निवेशित किया गया है। वर्ष 2012-13 के दौरान बंकाया गारण्टी के लिए कोई धनराशि इससे नहीं निकाली गई है। वर्ष 2012–13 में ₹ 15,70.15 करोड़ की बकाया गारण्टी के सापेक्ष राज्य सरकार ने निधि में कोई योगदान नहीं किया है।

(स) राज्य आपदा विमोचन निधिः तेरहवे वित्त आयोग द्वारा अनुशंसा की गई पूर्ववर्ती आपदा राहत निधि को राज्य आपदा विमोचन निधि में प्रतिस्थापित किया गया है। निधि के दिशा निर्देशों के अनुसार केन्द्र एवं विशेष दर्जा राज्य सरकार जैसे उत्तराखण्ड से निधि में 90:10 के अनुपात में योगदान अपेक्षित है।

वर्ष 2012–13 के प्रारम्भ में निधि में अवशेष ₹ 41.72 करोड़ था। वर्ष 2012–13 में ₹ 1,29.72 करोड़ (90 प्रतिशत केन्द्रांश ₹ 1,16.75 करोड़ एवं 10 प्रतिशत राज्यांश ₹ 12.97 करोड़) समेकित निधि से राज्य आपदा विमोचन निधि में नियोजित किया गया, जबकि निधि से ₹ 1,34.59 करोड़ निकाले गये है तथा निधि में ₹ 36.85 करोड़ जमा राशि शेष है।

(vii) आकस्मिकता निधिः राज्य सरकार के आकस्मिकता निधि की राशि ₹ 2,00.00 करोड़ है। इस में से ₹ 97.15 करोड़ (₹ 61.62 करोड़ पूजीगत एवं ₹ 35.53 करोड़ राजस्व लेखा शीर्ष) की धनराशि वर्ष के अन्त तक असमायोजित हैं। इसके परिणाम स्वरूप ₹ 35.53 करोड़ का राजस्व आधिक्य का ओवरस्टेट एवं ₹ 97.15 करोड़ लोक राजस्व घाटा अंडरस्टेट हुआ है।

(viii) व्यय का आधिक्यः कुल पूंजीगत व्यय ₹ 35,42.09 करोड़ में से ₹ 18,27.55 करोड़ (लगभग 52 प्रतिशत) तथा राजस्व व्यय ₹ 1,34,62.61 करोड़ मे से ₹ 18,67.87 करोड (लगभग 14 प्रतिशत) मार्च माह में व्यय हुआ। दिनांक 31 मार्च 2013 को ₹ 2,45.56 करोड़ एवं ₹ 2,30.21 करोड़ राजस्व एवं पूंजीगत व्यय का क्रमशः 1.75 प्रतिशत एवं 6.49 प्रतिशत व्यय हुआ। इसके अतिरिक्त मार्च में ₹ 2,14.95 करोड़ (कुल राजस्व एवं पूंजीगत व्यय का 6 प्रतिशत) का लोकलेखे में हस्तान्तरण हुआ। मार्च के अन्तिम दिन व्यय/हस्तान्तरण मुख्यतः बजट को खर्च करने की शीघ्रता और अपर्याप्त बजटीय नियन्त्रण को दर्शाता है।

(ix) **उत्तराखण्ड राजकोशीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध अधिनियम, 2005** : उत्तराखण्ड सरकार ने उत्तराखण्ड राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध अधिनियम, 2005 बनाया है। वर्ष 2012–13 के दौरान अधिनियम में उल्लिखित विनियमों के अन्तर्गत लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धियां निम्नानुसार हैः–

क्रम संख्या	लक्ष्य	वर्ष 2012–13 के दौरान उपलब्धियॉ
1.	वर्ष 2011–12 के राजस्व घाटे को दूर करना एवं उसके पश्चात राजस्व आधिक्य बनाना।	वर्ष 2012–13 में लेखे के अनुसार, राज्य सरकार का राजस्व आधिक्य ₹ 1787.00 करोड़ था जो जी0 एस0 डी0 पी0* का 1.66 प्रतिशत था।
2.	वित्तीय वर्ष 2012–13 तक वित्तीय घाटे को कुल राज्य सकल घरेलु उत्पाद का 3 प्रतिशत करना और उसके बाद 3.5 प्रतिशत या कम बनाये रखना।	लेखे के अनुसार राज्य का लोक राजस्व घाटा ₹ 15,99.22 करोड़ जी0 एस0 डी0 पी0 प्रक्कलन का 1.49 प्रतिशत है।
3.	ऋणों के लिए गारण्टी की सीमा हेतु कानून निर्धारित करना।	राज्य विधान मण्डल द्वारा ऐसा कोई कानून पास किया गया है, इसके सम्बन्ध में राज्य सरकार ने अवगत नही कराया है।

* जी0 एस0 डी0 पी0 उत्तराखण्ड सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के वेबसाइट के अनुसार चालू दर पर जी0 एस0 डी0 पी0 का अग्रिम प्राक्कलन ₹ 10,75,48.25 करोड था।

अनुलग्नक "अ" (मियादी समायोजन)

(करोड़ ₹ में)

बही समायोजन				
क्र. स.	लेखों के शीर्ष		राशि	टिप्पणी
	से	को		
1.	2049–ब्याज भुगतान	8009-सामान्य भविष्य निधि	4,01.61	भविष्य निधि पर ब्याज का भुगतान
2.	2245–प्राकृतिक आपदा के कारण राहत	8121-सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधि	1,29.72	भारत सरकार से सहायता अनुदान एवं राज्यांश निधि को स्थानान्तरित।
3.	2048-ऋण घटाने या उसका परिहार करने के लिए विनियोजन	8222-ऋण शोधन निधि	1,50.00	समेकित ऋण शोधन निधि को अशंदान

अनुलग्नक "ब" (i)

मुख्य लेखा शीर्ष जहां अधिकाशं व्यय "अन्य व्यय"में वर्गीकृत है

व्यय(राजस्व)

(करोड़ ₹ में)

लेखे का मुख्य शीर्ष	कुल व्यय	लघु शीर्ष 800 के अन्तर्गत व्यय	कुल व्यय का प्रतिशत
2250-अन्य सामाजिक सेवाऐं	43.81	43.77	99.91
2425- सहकारिता	35.15	19.44	55.33
2501-ग्राम्य विकास के लिए विशेष कार्यक्रम	58.53	56.69	96.84

टिप्पणीः–₹10.00 करोड़ या अधिक तथा जो उस मुख्य लेखा शीर्ष के कुल व्यय का 50 या अधिक प्रतिशत दर्शाता है, को अधिकांश व्यय में वर्गीकृत किया गया है।

अनुलग्नक "ब" (ii)

मुख्य लेखा शीर्ष जहां अधिकाशं प्राप्तियां "अन्य प्राप्तियां"में वर्गीकृत है प्राप्तियां(राजस्व)

(करोड़ ₹ में)

लेखे का मुख्य शीर्ष	कुल प्राप्तियां	लघु शीर्ष 800 के अन्तर्गत प्राप्तियां	कुल प्राप्तियों का प्रतिशत
0023-होटल प्राप्ति कर	17.68	17.68	1,00.00
0030-स्टाम्प तथा पंजीकरण शुल्क	6,48.40	6,48.40	1,00.00
0059-लोक निर्माण	18.13	16.89	93.16
0071-पेंशन तथा अन्य सेवा निवृत्ति लाभों के संबंध में अंशदान और वसूलियां	7,48.65	7,03.43	93.96
0210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य	30.00	30.00	1,00.00
0217-शहरी विकास	10.32	10.32	1,00.00
0401-फसल कृषि कर्म	15.83	15.82	99.94
0406-वानिकी एवं वन्य जीव	2,38.20	2,38.20	1,00.00
0801-विद्युत	1,50.04	1,50.04	1,00.00

टिप्पणी:–₹10.00 करोड़ या अधिक तथा जो उस मुख्य लेखा शीर्ष के कुल प्राप्ति का 50 या अधिक प्रतिशत दर्शाता है, को अधिकांश प्राप्ति में वर्गीकृत किया गया है।

अनुलग्नक "स" (उचन्त शेष)

करोड़ ₹ में

लघु शीर्ष	2012-13		2011-12		2010-11	
	नामे	जमा	नामे	जमा	नामे	जमा
101–वेतन तथा लेखा कार्यालय उचन्त	58.54	3.17	51.16	3.17	53.39	3.16
निबल	(नामे) **55.37**		(नामे) **47.99**		(नामे) **50.23**	
102–उचन्त लेखा (सिविल)	5,62.84	3,56.15	6,67.44	3,56.19	4,42.76	3,54.52
निबल	(नामे) **2,06.69**		(नामे) **3,11.25**		(नामे) **88.24**	
107–नकद परिनिर्धारण उचन्त लेखा	0.11	0.26	0.11	0.26	0.11	0.26
निबल	(जमा) **0.15**		(जमा) **0.15**		(जमा) **0.15**	
109–रिजर्व बैंक उचन्त (मुख्यालय)	(–) 0.26	(–) 0.26	(–) 0.26	(–) 0.26	(–)0.26	(–)0.26
निबल	**0.00**		**0.00**		**0.00**	
110–रिजर्व बैंक उचन्त के0ले0 कार्यालय	5,13.53	5,37.52	6,20.50	2,19.70	6,20.57	2,19.70
निबल	(जमा) **23.99**		(नामे) **4,00.80**		(नामे) **4,00.87**	
111–विभागीय समायोजन लेखा	2,24.65	19.61	2,24.65	19.61	2,24.65	19.61
निबल	(नामे) **2,05.04**		(नामे) **2,05.04**		(नामे) **2,05.04**	
112–स्त्रो पर कर कटौती उचन्त	28.03	71.11	28.03	1,19.14	28.03	97.50
निबल	(जमा) **13.08**		(जमा) **91.11**		(जमा) **69.47**	
113–भविष्य निधि उचन्त	23.63	24.07	23.58	23.90	23.58	9.88
निबल	(जमा) **0.44**		(जमा) **0.32**		(जमा) **13.70**	
117–रिजर्व बैंक की ओर से लेन–देन	18.12	16.63	18.10	16.63	18.10	16.73
निबल	(नामे) **1.49**		(नामे) **1.47**		(नामे) **1.23**	
123–अ0भा0से0 के अधिकारियों की समूह बीमा योजना	0.14	0.33	0.12	0.30	0.11	0.27
निबल	(जमा) **0.19**		(जमा) **0.18**		(जमा) **0.17**	
129–सामग्री कय परिनिर्धारण उचन्त लेखा	0.03	(–) 0.73	0.03	(–) 0.73	0.03	(–)0.68
निबल	(नामे) **0.76**		(नामे) **0.76**		(नामे) **0.71**	

परिशिष्ट – 1

रोकड़ प्रवाह विवरण

(करोड़ ₹ में)

क	सामान्य रोकड़ शेषः	31 मार्च 2013	31 मार्च 2012
	1. कोषागारों में शेष	0.00	0.00
	2. रिजर्व बैंक में जमा	(-) 5.21	1,16.01
	3. स्थानीय प्रेषण चलन में	0.00	(-) 5.38
	योग (1 से 3)	**(-) 5.21**	**1,10.63**
	4. रोकड़ शेष निवेश लेख	8,75.15	50.21
	योग (क)	**8,69.94**	**1,60.84**
ख	अन्य रोकड़ शेष व विनियोग		
	1. विभागीय रोकड़ शेष	(-) 2.15	(-) 2.15
	2. आकस्मिक व्यय हेतु विभागीय स्थाई अग्रिम	(-) 0.87	(-) 0.87
	उद्दिष्ट निधि के आलावा विनियता	10,78.62	9,27.36
	योग (ख)	**10,75.60**	**9,24.34**
	योग (क) एवं (ख)	**19,45.54**	**10,85.18**

व्याख्यात्मक टिप्पणियां

क) रोकड़ एवं रोकड़ के अनुरूप–

रोकड़ एवं रोकड़ के समान में कोषागारों में रोकड़ तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं अन्य बैंको में जमा एवं प्रेषण जैसा कि ऊपर दिया गया है, सम्मिलित है। 'रिजर्व बैंक में जमा' शीर्ष के शेष {उपरोक्त क (2)} वर्ष की समाप्ति पर समेकित निधि, आकस्मिकता निधि एवं लोक ऋण के संयुक्त शेषों को बताते हैं। रोकड़ की पूर्ण स्थिति 'रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया' में जमा के अन्तर्गत कोषागारों के शेषों, रोकड़ शेषों के अलावा विनियोग एवं विभाग संचित निधि इत्यादि के शेषों से प्राप्त हो सकती है।

(ख) दैनिक रोकड़ शेषः

भारतीय रिजर्व बैंक के साथ किए गए अनुबंध अनुसार राज्य सरकार को बैंक में प्रतिदिन का ₹ 0.16 करोड़ का न्यूनतम शेष रखना है यदि शेष राशि किसी दिन कम हो जाती है तो यह कमी समय–समय पर सामान्य और विशेष अर्थोपाय अग्रिमों को प्राप्त कर अधिविकर्ष द्वारा पूरी की जाती है।

दैनिक रोकड़ (*) शेष को बनाए रखने के लिए अर्थोपाय अग्रिम/अधिविकर्ष प्रदान किए जाने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक उस दिन के लेनदेनों के साथ 14 दिनों के ट्रेजरी बिलों का मूल्यांकन करता है (भारतीय रिजर्व बैंक में अन्तर्राज्यीय लेनदेनों एवं अभिकर्ता बैंकों द्वारा सूचित किए गए कोषागार लेनदेनों द्वारा) इस प्रकार जो रोकड़ शेष प्राप्त होता है, ट्रेजरी बिलों यदि कोई हो की 14 दिन की परिपक्वता अवधि इसमें जोड़ दी जाती है यदि कोई अधिक शेष न्यूनतम रोकड़ शेष के पश्चात प्राप्त होता है तो उसे ट्रेजरी बिलों में विनियोजित कर दिया जाता है।

यदि शुद्ध रोकड़ शेष न्यूनतम रोकड़ शेष से कम होता है और उस दिन कोई ट्रेजरी बिल जो 14 दिनों में परिपक्व होने वाला ना हो, तो भारतीय रिजर्व बैंक अपरिपक्व ट्रेजरी बिलों का भी मूल्यांकन करता है और कमी को पूरा कर दिया जाता है यदि उस दिन इस प्रकार के ट्रेजरी बिल भी न हों तो राज्य सरकार अर्थोपाय अग्रिम/विशेष अर्थोपाय अग्रिम/अधिविकर्ष के बिल आवेदित करती है।

(ग) अर्थोपाय अग्रिमः

राज्य सरकार के सामान्य अर्थोपाय अग्रिम की सीमा दिनांक 01अप्रैल 2009 से ₹1,45.00 करोड़ थी। बैंक राज्य सरकार के प्रातिभूतियों के आधार पर विशेष अर्थोपाय अग्रिम प्रदान करने के लिए भी सहमत हुआ। बैंक विशेष अर्थोपाय अग्रिमों की सीमा समय–समय पर पुनरीक्षित करता है। वर्ष 2012-13 के दौरान विशेष अर्थोपाय अग्रिम की सीमा ₹ 1,23.89 करोड़ से ₹ 1,49.52 करोड़ थी।

परिशिष्ट – 1
रोकड़ प्रवाह विवरण

न्यूनतम अवशेष में कमी	दर
(i) 90 दिनों तक	8 प्रतिशत
(ii) 90 दिनों से आगे	9 प्रतिशत
(आ) विशेष अर्थोपाय अग्रिम	7 प्रतिशत
(इ) ओवर ड्राफ्ट	
(i) सामान्य के अन्तर्गत अर्थोपाय अग्रिम सीमा	10 प्रतिशत
(ii) सामान्य के ऊपर अर्थोपाय अग्रिम सीमा	13 प्रतिशत

(अ) सामान्य आर्थोपाय अग्रिम जिस सीमा तक शासन ने वर्ष 2012–13 तक रिजर्व बैंक ने न्यूनतम रोकड़ शेष व्यवस्थित किया है, नीचे दिया गया है।

(i) दिनों की संख्या जिनमें बिना कोई अग्रिम प्राप्त किये न्यूनतम शेष रहा। 363 दिन

(ii) दिनों की संख्या जिनमें सामान्य अर्थोपाय अग्रिम प्राप्त करने के पश्चात न्यूनतम शेष रहा। शून्य दिन

(iii) दिनों की संख्या जिनमें विशेष अर्थोपाय अग्रिम प्राप्त करने के पश्चात न्यूनतम शेष रहा। 02 दिन

(iv) दिनों की संख्या जिनमें उपरोक्त अग्रिमों को प्राप्त करने के पश्चात तथा अधिविकर्ष को छोडकर न्यूनतम शेष में कमी रही। – शून्य दिन

(v) दिनों की संख्या जिनमें अधिविकर्ष प्राप्त किया गया। शून्य दिन

(घ) खजाना बिल

(द) दिनांक 01 अप्रैल 2012 से दिनांक 31 मार्च 2013 के दौरान ₹ 2,03,62.27 करोड़ के ट्रेजरी बिल क्रय किए गए एंव ₹ 1,95,37.33 करोड़ रूपये की राशि के ट्रेजरी बिलों का विक्रय किये इस प्रकार शीर्ष के अंर्तगत ₹ 8,24.94 करोड के ट्रेजरी बिल शेष रहे।

(स) दिनांक 31मार्च 2013 तक सामान्य रोकड़ शेष तथा उद्दिष्ट निधियों से किया गया विनियोजन निम्नवत है।

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.		रोकड़ शेष निवेश लेखा	उद्दिष्ट निधि	योग
1.	भारत सरकार की प्रतिभूतियां	--	10,78.62	10,78.62
2.	भारत सरकार के कोषागार बिल	8,75.15	--	8,75.15

(*) उपरोक्त रोकड़ शेष भारतीय रिजर्व बैंक में जमा 31 मार्च का रोकड़ शेष है जो कि 16 अप्रैल को आगणित किया गया न कि 31 मार्च के दैनिक शेष से।